आ०सं०सहयोगी
(हस्ताक्षर)
दिन–सोमवार

संपादक
(हस्ताक्षर)
दिनांक– 18 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।          अवधिः– 15 मिनट

---

मुख्य समाचार.......

01. निर्वाचन आयोग के निर्देश पर राज्य के गृह सचिव एस. सिद्धार्थ को पद से हटाया गया। गुजरात, उत्तर प्रदेश समेत अन्य पांच राज्यों के गृह सचिवों को भी हटाया गया।
02. एनडीए ने बिहार में सीट बटवारे की घोषणा की। बीजेपी को सत्रह, जदयू को सोलह, लोजपा रामविलास को पांच, हम और उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी रालोमो को एक–एक सीट मिली।
03. राज्य के विभिन्न भागों में मतदाता जागरूकता अभियान में आयी तेजी। कई स्थानों पर रैली और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित कर मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक।
04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटो के दौरान राज्य क दक्षिणी भागों में मेघ गर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की।

अब समाचार विस्तार से.........

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग के आदेश के बाद बिहार के गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ को पद से हटा दिया गया है। श्री सिद्धार्थ अब केवल मंत्रिमंडल के अपर मुख्य सचिव का कार्यभार देखेंगे। गौरतलब है कि आयोग ने बिहार सहित छह राज्यों के गृह सचिवों को पद से हटाने के आदेश दिए थे। जिसके बाद ये कार्रवाई की गई। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए ये आदेश जारी किए गए है। बिहार के अलावा गुजरात, उत्तरप्रदेश, झारखंड, हिमाचलप्रदेश और उत्तराखंड के गृह सचिवों को हटाने का निर्देश दिया गया है। आयोग ने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक को भी हटाने को कहा था।

———————————————————————————

भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए गठबंधन ने बिहार की चालीस सीटों पर सीट बटवारे की घोषणा कर दी है। भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने नई दिल्ली में आयोजित सवांददाता सम्मेलन में घटक दलों के नेताओं की उपस्थिति के बीच सीटों के बटवारे का ऐलान किया। तय फॉर्मूले के अनुसार भाजपा सत्रह सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

जबकि, सहयोगी दल जदयू सोलह सीटों पर अपना प्रत्याशी उतारेगा। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास को पांच सीटें दी गयी हैं। वहीं, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा एक–एक सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। श्री तावड़े ने कहा कि एनडीए एकजुट है और आगामी चुनाव में प्रदेश की सभी चालीस सीटों पर गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत होगी।

––बाईट––

————————————————————————————————

श्री तावड़े ने एनडीए गठबंधन के विभिन्न दलों को दी गयी सीटों का विस्तार से विवरण भी दिया। उन्होंने ने बताया कि बीजेपी पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, औरंगाबाद समेत सत्रह सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

––बाईट––

विनोद तावड़े ने बताया की जदयू राज्य की वाल्मिकीनगर, सीतामढ़ी, झंझारपुर, सुपौल, किश्नगंज, कटिहार, समेत सोलह संसदीय सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़ा करेगी।

––बाईट––

बिहार भाजपा प्रभारी ने आगे बताया कि एनडीए गठबंधन के प्रमुख सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के खाते में वैशाली, हाजीपुर, समस्तीपुर, खगड़िया और जमुई सीटें गयी हैं। पूर्व मुख्मंत्री जीतनराम मांझी की पार्टी हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा को गया संसदीय सीट जबकि, उपेन्द्र कुशवाहा के नेतृत्व वाली पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा को काराकाट संसदीय सीट मिली है।

————————————————————————————————

राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा है कि बिहार की चालीस लोकसभा सीटों को लेकर महागठबंधन के दलों में समझौता हो चुका है। दो से तीन दिनों में सीट बंटवारे की घोषणा कर दी जायेगी। श्री यादव मुम्बई में महागठबंधन की रैली में शामिल होने के बाद आज पटना मे संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सीट बंटवारा अंतिम चरण में है।

————————————————————————————————

पूर्व सांसद लवली आनंद जनता दल यूनाईटेड में शामिल हो गयीं हैं। पटना में पार्टी कार्यलय में आयोजित मिलन समारोह में जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन उर्फ

ललन सिंह ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी। लवली आनंद पूर्व सांसद आनंद मोहन की पत्नी हैं।

—————————————————————————————

लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद प्रशासन निष्पक्ष चुनाव की तैयारियों में जूट गया है। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को कई सुविधाएं दी है। आम मतदाता चुनाव में किसी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना निर्वाचन आयोग के मोबाईल ऐप सी–विजिल के माध्यम से दे सकते हैं। आयोग के अनुसार शिकायतों पर एक सौ मिनट के अन्दर कार्रवाई की जायेगी। इधर, चुनाव खर्च की निगरानी के लिए जिलों में इन्फोर्समेंट एजेंसियों को चौबीस घंटे सक्रिय रहने के निर्देश दिये गये हैं। बीस एजेंसियों के माध्यम से पैसों के लेनदेन पर नजर रखी जायेगी। वहीं, सभी जिलों में शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न कोषांगों को सक्रिय कर दिया गया है।

—————————————————————————————

और अब पेश है चुनावी गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति– औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में पहले चरण में सोलह अप्रैल को मतदान कराया जायेगा। पेश है यहाँ आदर्श आचार संहिता के अनुपालन और मतदाता जागरूकता को लेकर चलाये जा रहे विशेष अभियान पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट–

––बाईट––

—————————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न जिलों में मतदाता जागरूकता अभियान को तेज कर दिया गया है। इसी कड़ी में मतदान का महात्यौहार, बिहार है तैयार थीम के साथ पूर्वी चंपारण जिले में स्वीप गतिविधियों के तहत अलग–अलग प्रखंडों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इधर, समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय में राष्ट्रीय सेवा योजना और रोसड़ा में कॉलेज शिक्षकों द्वारा आगामी चुनाव में मतदान को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। खगड़िया जिले के चौथम प्रखण्ड अंतर्गत नवादा गांव में सीडीपीओ सुमन चंद्रा के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। इस दौरान सेवीकाओं ने वोटिंग के दिन **छोड़ो अपना सारा काम, पहले चलो करें मतदान** का नारा भी लगाया। सहरसा जिलें में भी जिला स्कूल और रमेश झा महिला महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने मतदाता जागरूकता अभियान में भाग लिया।

—————————————————————————————

भाजपा युवा मोर्चा ने मुजफ्फरपुर के गोबरसही में नमो हैट्रिक टीशर्ट कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री नित्यानन्द राय ने नमो टीशर्ट का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में कई विधायक, सांसद और पूर्व मंत्री भी उपस्थित थे।

———————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल से राज्य भर के मौसम में बड़े बदलाओ की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले चौबीस घंटो के दौरान रोहतास, भभूआ, औरंगाबाद , नालंदा, पटना, बक्सर समेत राज्य के दक्षिणी भागों में कई स्थानों पर मेघगर्जन के साथ बज्रपात की आशंका है। इसे लेकर येलो अर्लट भी जारी किया गया है। विभाग ने पूर्वानुमान में बताया कि इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है।

——बाईट——

इधर,

पिछले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी के पुपरी में सबसे कम तापमान बारह दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

———————————————————————————

लखनऊ के गोमती नगर से पटना के बीच वंदे भारत ट्रेन की आज से नियमित शुरूआत कर दी गयी है। ये ट्रेन दोनों स्टेशानों के बीच पांच सौ पैतालीस किलोमीटर की दूरी आठ घंटे पच्चीस मीनट में तय करेगी। शुक्रवार को छोड़कर सप्ताह के छे दिन इस ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। इसके साथ ही राज्य को मिले वंदे भारत ट्रेनों की संख्या पांच हो गयी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हालही में लखनऊ–पटना और पटना–न्युजलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का औपचारिक उद्घाटन किया था।

———————————————————————————

बिहार संस्कृत प्राथमिक सह माध्यमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा विभाग से पांच सौ छिहत्तर गैर सरकारी मान्यता प्राप्त संस्कृत विद्यालयों और एक हजार एक सौ अट्ठाईस

मदरसा शिक्षकों और अवकाश प्राप्त शिक्षकों के बकाया वेतन और महंगाई भत्ता भुगतान करने की मांग की है । संघ के महासचिव शोभा कांत झा ने कहा है कि भुगतान नहीं किये जाने से बारह हजार सेवानिवृत्त और दो हजार कार्यरत शिक्षकों को काफी परेशानी हो रही है ।

अररिया जिले के नरपतगंज प्रखंड अंतर्गत नाथपुर गांव में पाट लदा ट्रक बिजली के तार के संपर्क में आने से जल कर नष्ट हो गया। अगलगी की इस घटना में लाखों का नुकसान हुआ है।

पश्चिम चंपारण के बगहा में एक प्रसुता की मौत से आक्रोषित परिजनों ने एक निजी नर्सिंग होम के बाहर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि ईलाज में लापरवाही के कारण महिला की मौत हुई है।

बिहार किक्रेट संघ के सीनियर अंपायर आशीष कुमार सिन्हा का निधन हो गया। उनके निधन पर संघ के अधिकारियों समेत अनेक किक्रेट खिलाड़ियों ने शोक व्यक्त किया।

मधुबनी के पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण के लिए वाहन जाँच अभियान चलाया गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार............ एक बार फिर

01. निर्वाचन आयोग के निर्देश पर राज्य के गृह सचिव एस. सिद्धार्थ को पद से हटाया गया। गुजरात, उत्तर प्रदेश समेत अन्य पांच राज्यों के गृह सचिवों को भी हटाया गया।
02. एनडीए ने बिहार में सीट बटवारे की घोषणा की। बीजेपी को सत्रह, जदयू को सोलह, लोजपा रामविलास को पांच, हम और उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी रालोमो को एक–एक सीट मिली।
03. राज्य के विभिन्न भागों में मतदाता जागरूकता अभियान में आयी तेजी। कई स्थानों पर रैली और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित कर मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक।
04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटो के दौरान राज्य क दक्षिणी भागों में मेघ गर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।